# खाटू वाले श्याम तेरा शुक्राना है

खाटू वाले श्याम तेरा शुक्राना है,
इन चरणों में अब तो अपना ठिकाना है,
हारे का साथी तू,ये हमने जाना है,
खाटू वाले श्याम तेरा शुक्राना है

वो भी दिया जो सोचा न था अब न कोई दरकार,
सिर्फ तमना एक बची मिल जाये मुझे तेरा प्यारा,
अब भरोसा तेरा मुझको पाना है,
खाटू वाले श्याम तेरा शुक्राना है

ना चहु मैं सोना चांदी ना झूठा सम्मान,
बस ये चाहु इन चरणों में लगा रहे मेरा ध्यान,
दिल में तेरे मुझे उतर जाना है,
खाटू वाले श्याम तेरा शुक्राना है

सुना मन का आंगन था प्रभु तुमने किया उपकार,
तेरे भरोसे चलता है अब श्याम मेरा परिवार,
जबसे मैंने तुझे अपना मन है,
खाटू वाले श्याम तेरा शुक्राना है

टींके की तुम लाज हो रखते सब की रखना प्रभु,
दास यो बन के आये शरण में सन्मुख रखना प्रभु,
उसको हर सुख मिले जो तेरा दीवाना है,
खाटू वाले श्याम तेरा शुक्राना है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7475/title/khatu-vale-shyam-tera-shukarana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |